07.02.2025

प्रेस प्रकाशनी

सीबीएसई राष्ट्रीय कौशल एक्सपो और मार्गदर्शन महोत्सव दिल्ली पब्लिक स्कूल, जोधपुर में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ

केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) ने 6 फरवरी 2025 को दिल्ली पब्लिक स्कूल, पाली रोड, जोधपुर में राष्ट्रीय कौशल एक्सपो और मार्गदर्शन कार्यक्रम का सफलतापूर्वक आयोजन किया। इस प्रतिष्ठित कार्यक्रम का उद्देश्य देशभर के छात्रों के बीच कौशल शिक्षा और करियर के प्रति तैयारी को प्रोत्साहित करना था।

इस कार्यक्रम का उद्घाटन सीबीएसई के अध्यक्ष, श्री राहुल सिंह, आईएएस ने विशिष्ट अतिथि डॉ. राजू नारायण स्वामी, आईएएस, प्रधान सचिव, केरल सरकार, डॉ. बिस्वजीत साहा, निदेशक (कौशल शिक्षा), सीबीएसई, और श्रीमती आशा व्यास, प्रो-वाइस चेयरपर्सन, डीपीएस पाली रोड की उपस्थिति में किया। कार्यक्रम में कई प्रतिष्ठित गणमान्य व्यक्ति और सीबीएसई के वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित थे। उद्घाटन सत्र में पारंपरिक दीप प्रज्ज्वलन समारोह हुआ, जिसके बाद अग्रणी शिक्षाविदों और प्रशासकों द्वारा विचारोत्तेजक भाषण दिए गए।

अपने प्रारंभिक संबोधन में, श्री राहुल सिंह, आईएएस ने वैश्विक बदलावों के अनुसार शैक्षिक प्रतिमानों के विकास की आवश्यकता पर बल देते हुए कहा, "दुनिया विकासोन्मुख है, और हमें भी तदनुरूप आगे बढ़ना चाहिए, अपनी भावी पीढ़ियों को करियर संभावनाओं और चुनौतियों के प्रति तैयार करना चाहिए। सीबीएसई राष्ट्रीय मार्गदर्शन महोत्सव (एनजीएफ) जैसी पहलों के माध्यम से भारत की शिक्षा को कौशल उन्मुख करने में सहयोग कर रहा है।"

डॉ. राजू नारायण स्वामी ने अपने मुख्य भाषण में छात्रों को कौशल शिक्षा प्रदान करने में सीबीएसई की पहल की सराहना की। उन्होंने शिक्षार्थियों की जन्मजात प्रतिभाओं और कौशल को पहचानने और उनका प्रभावी ढंग से मार्गदर्शन करने के महत्व पर बल दिया। उन्होंने दृढ़तापूर्वक कहा, "युवा पीढ़ी को रचनात्मकता, विवेचनात्मक चिंतन, संचार और सहयोग जैसे आवश्यक कौशल दिए जाने चाहिए।"

इस मार्गदर्शन महोत्सव में विशेषज्ञों द्वारा सत्र लिए गए, जिनमें कैप्टन पूनम देवराख्यानी, एयरलाइन पायलट और विमानन सलाहकार, डीजीसीए, नागरिक उड्डयन मंत्रालय द्वारा 'स्किलिंग फॉर द स्काई: करियर इन एविएशन' पर एक वार्ता शामिल थी। 'कौशल में डिजाइन और प्रौद्योगिकी की भूमिका' पर एक पैनल चर्चा आयोजित हुई जिसमें अर्चना सुराणा, निदेशक, आर्क कॉलेज ऑफ डिजाइन एंड बिजनेस, संदीप सेठी, शिक्षा निदेशक, जयपुर सिटी पैलेस संग्रहालय, अनामिका दास, प्रमुख, ईएसआरआई और संजीव शिवेश, सीईओ, थिंकस्टार्टअप ने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम का समापन प्रो. वी.एस. श्रीवास्तव, प्रमुख, पीएसएस सेंट्रल इंस्टीट्यूट ऑफ वोकेशनल एजुकेशन (पीएसएससीआईवीई) भोपाल द्वारा 'स्कूल एनसीएफ-एसई में कौशल शिक्षा को बढ़ावा देना" पर व्याख्यान के साथ हुआ। श्री श्याम कपूर, क्षेत्रीय अधिकारी, सीबीएसई ने धन्यवाद ज्ञापन पेश किया, जिसमें गणमान्य व्यक्तियों और सभी प्रतिभागियों को कार्यक्रम का एक बहुमूल्य हिस्सा बनने के लिए आभार व्यक्त किया गया।

कौशल एक्सपो में 13 राज्यों और 2 संघ राज्य क्षेत्रों का प्रतिनिधित्व करने वाली 46 टीमों के 1,650 से अधिक छात्रों ने भाग लिया। छात्रों द्वारा उभरती प्रौद्योगिकियों, कृत्रिम बुद्धिमत्ता, सौंदर्य और कल्याण, बैंकिंग और वित्त, आदि में नवीन परियोजनाएँ प्रदर्शित की गई। प्रतियोगिता का समापन शीर्ष परियोजनाओं को मान्यता देने के साथ हुआ, जिसमें एसएसवीएम स्कूल ऑफ एक्सीलेंस, कोयंबटूर और भारतीय विद्या भवन विद्याश्रम, जयपुर ने संयुक्त रूप से

पहला स्थान प्राप्त किया। एवरग्रीन पब्लिक स्कूल, नई दिल्ली ने दूसरा स्थान हासिल किया, जबकि एसईएस गुरुकुल, पुणे और डीएवी सेंटेनरी पब्लिक स्कूल, नई दिल्ली ने तीसरा स्थान प्राप्त किया।

कार्यक्रम का समापन डीपीएस जोधपुर की प्रधानाचार्या सुश्री स्वाति आचार्यजी द्वारा सभी प्रतिभागियों , वक्ताओं और आयोजकों के योगदान को अभिस्वीकृति देने के साथ हुआ । राष्ट्रीय कौशल एक्सपो और मार्गदर्शन महोत्सव से कौशल शिक्षा व रचनात्मकता को बढ़ावा देने और पूरे भारत के छात्रों के बीच विवेचनात्मक चिंतन को प्रोत्साहित करने में एक महत्वपूर्ण बेंचमार्क स्थापित हुआ।

सचिव, सीबीएसई

-: झलकियाँ :-

श्री राहुल सिंह, आईएएस,
अध्यक्ष,सीबीएसई

डॉ. राजू नारायण स्वामी, आईएएस,
प्रधान सचिव, केरल सरकार

डॉ. बिस्वजीत साहा, निदेशक (कौशल शिक्षा), सीबीएसई

Central Board of Secondary Education
Skill Expo
&
Guidance Festival